RAF SECTOR
NEWS CLIP
17/03/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Bharati, Jaipur, (RAJ)

डीएसपी ने पैरा मिलिट्री फोर्स की मौजूदगी में किया फ्लैग मार्च

अमर भारती ब्यूरो

जौनपुर, केराकत। डीएसपी गौरव शर्मा की मौजूदगी में केराकत कोतवाली की फोर्स व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ होने वाले नगर पंचायत के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए केराकत के पूरे कस्बे में किया गया फ्लैग मार्च ।इस संबंध में जब CRPF 91 बटालियन के कमांडेंट आरपी यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हर जनपद में और हर थाने पर हमारे जवान शांति व सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए फ्लैग मार्च करते रहते हैं।इसी के क्रम में केराकत कोतवाली थाना पुलिस के साथ केराकत कस्बे में भी फ्लैग मार्च किया गया और जब इस संदर्भ में डीएसपी गौरव शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि होने वाले नगर पंचायत के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर पैरामिलिट्री फोर्स के साथ हमारे पुलिस बल के जवान भी फ्लैग मार्च करते रहते हैं जिससे जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया जा सके।

इस फ्लैग मार्च के दौरान डीएसपी गौरव शर्मा, प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा, अपराध निरीक्षक दिग्विजय सिंह, निरीक्षक विनीत मोहन पाठक, प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र RAF और उनकी फोर्स के साथ-साथ केराकत कोतवाली की फोर्स भी शामिल रही।

Swatantra Bharat, Jaipur, (RAJ)

पैरामिलिट्री फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

त्योहार में खलल डालने वालों के साथ होगी सख्त कारवाई: चोब सिंह

स्वतंत्र भारत

खेतासराय, जौनपुर। त्योहार में खलल डालने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। एसपी डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बुधवार को पैरामिलिट्री फोर्स के साथ भारी संख्या में पुलिस बल ने शाहगंज, खेतासराय व अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

दरअसल 22 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र रामनवमी व 23 मार्च से पवित्र महीना रमजान के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। शासन के विशेष निर्देश पर शाहगंज के डिप्टी एसपी चोब सिंह, थानाध्यक्ष खेतासराय यजुवेंद्र सिंह, उप निरीक्षक महंगू यादव, उप निरीक्षक हरिशंकर यादव, प्रेम शंकर यादव ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ शाहगंज नगर के मुख्य चौराहा, श्रीरामपुर, गल्ला मंडी, आजमगढ़ रोड, कोतवाली चौराहा और खेतासराय कस्बे में खुटहन मार्ग, दीदारगंज मार्ग, मुख्य चौराहा से उत्तरी छोर पर काली मंदिर तक पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान आमजन को जागरूक करते हुए शाहगंज के पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह ने कहा कि सभी त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द के हैं। इस सौहार्द को बनाए रखने के लिए सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करें। अगर कोई भी शरारती तत्व कहीं किसी प्रकार की हरकत करता है तो उसकी गोपनीय सूचना पुलिस को दें। शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च में उप निरीक्षक महंगू यादव, उप निरीक्षक हरिशंकर यादव, प्रेम शंकर यादव, कॉन्स्टेबल संदीप सिंह, राजकुमार यादव, दिनेश यादव, दिनेश सरोज, योगेश यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, राकेश यादव अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।